StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30
No. of Printed Pages — 3

**S—98—Social Science (D & D)**

# माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2013

## सामाजिक विज्ञान

## ( SOCIAL SCIENCE )

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्नों के अंकभार उनके सम्मुख अंकित है।
6. प्रश्न संख्या 30 मानचित्र कार्य से संबन्धित है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी करें।
7. प्रश्न संख्या 27 तथा 29 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

StudentBounty.com



1. दो देशों के मध्य होने वाले व्यापार को क्या कहते हैं ? 1
2. मुद्रण की सबसे पहली तकनीक किन-किन देशों में विकसित हुई ? 1
3. औपनिवेशिक काल में किन दो बन्दरगाहों का महत्व बढ़ गया था ? 1
4. भारत की तीन शस्य ऋतुओं के नाम लिखिए। 1
5. ऋण के औपचारिक और अनौपचारिक स्रोतों में अन्तर बताइये। 2
6. विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। 2
7. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ? 2
8. चार्ल्स डिकेन्स द्वारा कौन से दो उपन्यासों की रचना की गई ? 2
9. पहले विश्व युद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बढ़ा ? 2
10. विक्टोरियाकालीन ब्रिटेन में उच्च वर्ग के लोग हाथ से बनी चीजों को पसन्द करते थे। कोई दो कारण लिखिए। 2
11. ब्रिटेन के अमीर परिवारों एवं गरीब परिवारों के मनोरंजन के साधनों की तुलना कीजिए। 2
12. उपन्यासों का युवाओं पर क्या प्रभाव पड़े ? 2
13. लोकतन्त्र शासन की बेहतर व्यवस्था है, कोई दो कारण लिखिए। 2
14. निम्न को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | एगमार्क | — | उपभोक्ता कल्याण संगठनों की अन्तरराष्ट्रीय संस्था |
| ii) | जिला उपभोक्ता अदालत | — | वस्तुओं एवं सेवाओं का मानकीकरण |
| iii) | उपभोक्ता इंटरनेशनल | — | अनाजों एवं खाद्य तेलों का प्रमाण |
| iv) | भारतीय मानक ब्यूरो | — | उपभोक्ता मामलों की सुनवाई। |

2

15. दबाव समूह और आंदोलन राजनीति को किस तरह प्रभावित करते हैं ? 3
16. भारतीय रिजर्व बैंक अन्य बैंकों की गतिविधियों पर किस तरह नियंत्रण रखता है ? 3
17. मुद्रण संस्कृति का फ्रांसीसी क्रान्ति पर क्या प्रभाव पड़े ? लिखिये। 3
18. शहरों में रहने वाले लोगों को किन-किन पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? तीन समस्याएँ लिखिए। 1 + 1 + 1 = 3
19. भारत में सूती वस्त्र उद्योग का वर्णन निम्न बिन्दुओं के आधार पर कीजिए :
    - i) महत्व
    - ii) अनुकूल कारक
    - iii) उत्पादक क्षेत्र।

    1 + 1 + 1 = 3

StudentBounty.com



20. भारत के अन्तरराष्ट्रीय व्यापार को अनुकूल बनाने के तीन सुझाव दीजिए। 1 + 1 + 1 = 3

21. भारतीय लोकतन्त्र के समक्ष उपस्थित कोई तीन चुनौतियां बताइए। 1 + 1 + 1 = 3

22. लोकतन्त्र की विशेषताओं को बिन्दुवार लिखिए। 3

23. भारत की एक पेय फसल का नाम लिखिए। इसकी अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों का विवरण दीजिए। 1 + 2 = 3

24. भारत में लौह अयस्क की चार पेटियों का वर्णन कीजिए। 4

25. ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता एवं इसके संरक्षण के तीन उपाय बताइए। 1 + 3 = 4

26. राजनैतिक दल अपना कामकाज ठीक ढंग से करें, इसके लिए चार सुझाव दीजिए। 4

27. बहुराष्ट्रीय कम्पनियां क्या हैं ? भारत में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

अथवा

विश्व व्यापार संगठन क्या है ? इसके प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। 4

28. उपभोक्ता को जागरूक बनाने के लिए चार सुझाव दीजिए। 4

29. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के पक्ष एवं विपक्ष में दो-दो तर्क दीजिए। 4

अथवा

लोकतंत्र किन स्थितियों में सामाजिक विविधताओं के बीच सामंजस्य बैठाता है ? स्पष्ट कीजिए। 4

30. दिए गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए :

(A) (क) नरोरा - परमाणु ऊर्जा संयंत्र

(ख) दुर्गापुर - इस्पात संयंत्र

(ग) विशाखापट्टनम् - बन्दरगाह। 1 + 1 + 1 = 3

(B) (क) साबरमती

(ख) आगरा। 1 + 1 = 2

StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**S—98—Social Science (D & D)**

**माध्यमिक ( मूक बधिर ) परीक्षा, 2013**

**SOCIAL SCIENCE**

